**MICROSOFT सॉफ़्टवेयर लायसेंस शर्तें**

**WINDOWS 7 ULTIMATE**

लायसेंस की ये शर्तें एक अनुबंध हैं जो आपके और

- उस कंप्यूटर निर्माता के बीच है जो कंप्यूटर के साथ यह सॉफ़्टवेयर वितरित करता है; या
- उस सॉफ्टवेयर इंस्टॉलर के बीच है जो कंप्यूटर के साथ यह सॉफ़्टवेयर वितरित करता है.

कृपया इन्हें पढ़ें. ये उपरोक्त सॉफ्टवेयर पर लागू होती हैं, जिसमें वह मीडिया, यदि कोई हो तो, भी शामिल है जिस पर आपको वह सॉफ़्टवेयर प्राप्त हुआ है. कागज़ पर मुद्रित लायसेंस की शर्तें, जो सॉफ़्टवेयर के साथ हो सकती हैं, किन्हीं भी ऑन-स्क्रीन लायसेंस की शर्तों का स्थान लेती हैं. ये शर्तें इस सॉफ़्टवेयर के किसी भी Microsoft

- अद्यतनों,
- पूरकों,
- इंटरनेट आधारित सेवाओं, और
- सहायक सेवाओं

पर भी लागू होती हैं, जब तक कि उन आइटम्स के साथ अन्य शर्तें न हों. यदि ऐसा है, तो वे अन्य शर्तें लागू होती हैं.

यदि आप अद्यतन या पूरक सीधे Microsoft से प्राप्त करते हैं, तो उनका लायसेंस आपको Microsoft देता है, न कि निर्माता या इंस्टॉलर.

**इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके आप इन शर्तों को स्वीकार करते हैं. यदि आपको ये स्वीकार्य नहीं हैं, तो इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग न करें. इसके बजाए वापसी नीति जानने के लिए निर्माता या इंस्टॉलर से संपर्क करें. आपको उस नीति का अनुपालन करना चाहिए, जो आपके अधिकारों को सीमित कर सकती है या वह पूरा सिस्टम जिस पर यह सॉफ़्टवेयर स्थापित है, को लौटाना आवश्यक कर सकती है.**

**नीचे बताए गए अनुसार, इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने का अर्थ सक्रियण, सत्यापन के दौरान और इंटरनेट आधारित सेवाओं के लिए कुछ कंप्यूटर जानकारी के संप्रेषण के लिए आपकी सहमति भी है.**

**यदि आप लायसेंस की इन शर्तों का अनुपालन करते हैं, तो आपके द्वारा लिए गए प्रत्येक लायसेंस के लिए आपके पास निम्न अधिकार हैं.**

**1. अवलोकन.**

**a. सॉफ़्टवेयर.** सॉफ़्टवेयर में डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ़्टवेयर शामिल है. इस सॉफ़्टवेयर में Windows Live सेवाएँ शामिल नहीं हैं. Windows Live सेवाएँ Microsoft की ओर से एक अलग अनुबंध के तहत उपलब्ध हैं.

**10. बैकअप प्रतिलिपि.** आप सॉफ़्टवेयर की एक बैकअप प्रतिलिपि बना सकते हैं. आप उसे केवल लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर सॉफ़्टवेयर पुन: स्थापित करने के लिए उपयोग कर सकते हैं.

**11. प्रलेखन.** आपके कंप्यूटर या आंतरिक नेटवर्क पर मान्य पहुँच प्राप्त कोई भी व्यक्ति आपके आंतरिक व संदर्भ उद्देश्यों के लिए दस्तावेज़ की प्रतिलिपि बना सकता है या उनका उपयोग कर सकता है.

**12. सॉफ़्टवेयर पुनः बिक्री के लिए नहीं.** "NFR" या "पुनः बिक्री के लिए नहीं" के रूप में चिह्नित सॉफ़्टवेयर को आप बेच नहीं सकते.

**13. भौगोलिक सीमाएँ.** यदि सॉफ़्टवेयर को किसी विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में सक्रियण के लिए चिह्नित किया गया है, तो आपको केवल उसी भौगोलिक क्षेत्र में इस सॉफ़्टवेयर का सक्रियण करने की अनुमति होगी जो सॉफ़्टवेयर या कंप्यूटर पैकेजिंग में इंगित किया गया है. आप उस क्षेत्र के बाहर शायद सॉफ़्टवेयर का सक्रियण न कर पाएँ. भौगोलिक सीमाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए go.microsoft.com/fwlink/?LinkId=141397 पर जाएँ.

**14. नवीनीकरण.** नवीनीकरण सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए आपको पहले उस सॉफ़्टवेयर के लिए लाइसेंसीकृत होना चाहिए जो नवीनीकरण होने योग्य हो. नवीनीकृत करने के बाद यह अनुबंध उस सॉफ़्टवेयर के अनुबंध का स्थान ले लेगा जिसे आपने नवीनीकृत किया था. नवीनीकृत करने के बाद आप उस सॉफ़्टवेयर का उपयोग नहीं कर सकेंगे जिसे आपने नवीनीकृत किया था.

**15. डाउनग्रेड.** इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के बजाय आप इसके निम्नलिखित पूर्व संस्करणों का उपयोग कर सकते हैं:

- Windows Vista Ultimate,
- Microsoft Windows XP Professional,
- Microsoft Windows Professional x64 Edition, या
- Microsoft Windows XP Tablet PC Edition.

यह अनुबंध आपके द्वारा पूर्व संस्करणों के उपयोग पर लागू होता है. यदि पूर्व के संस्करण में विभिन्न घटक शामिल हैं, तो पूर्व संस्करण के साथ आए अनुबंध में उन घटकों की जो शर्तें हैं, वे आपके द्वारा उनके उपयोग पर लागू होती हैं. न तो निर्माता या इंस्टॉलर, न ही Microsoft आपको पिछले संस्करण भेजने के लिए बाध्य है. आपको पिछले संस्करण अलग से प्राप्त करने होंगे. किसी भी समय आप सॉफ़्टवेयर के किसी पिछले संस्करण को इस संस्करण से बदल सकते हैं.

**16. लायसेंस का प्रमाण.**

**a. लायसेंस का असली प्रमाण.** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर किसी कंप्यूटर, या किसी डिस्क या अन्य मीडिया पर ख़रीदा है, तो सॉफ़्टवेयर की असली प्रति के साथ एक असली Microsoft प्रमाणीकरण प्रमाणपत्र लेबल लाइसेंसीकृत किए गए सॉफ़्टवेयर की पहचान करता है. वैध होने के लिए यह लेबल कंप्यूटर पर चिपका हुआ होना चाहिए या निर्माता या इंस्टॉलर की पैकेजिंग पर मौजूद होना चाहिए. यदि लेबल आपको अलग से प्राप्त होता है, तो यह अमान्य है. इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए आप लाइसेंसीकृत हैं यह साबित करने के लिए कंप्यूटर

